## एक नजर में


### ओम प्रकाश करेंगे कबड्डी और दौड़ में म.प्र. वन विभाग का प्रतिनिधित्व

**बालाघाट।** 28वी अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 12 नवंबर से 16 नवंबर को देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित हो रही हैं,जिसमें दक्षिण (सामन्य) वनमंडल बालाघाट के वनपरिक्षेत्र बालाघाट में पदस्थ वनरक्षक ओमप्रकाश दमाहे कबड्डी टीम और 4म100 मीटर रिले रेस में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारे ने बताया कि ओमप्रकाश दमाहे बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। वर्दी के सपने देखने वाले युवाओं को वनरक्षक के द्वारा नि:शुल्क ग्राउंड की तैयारी भी कारवाई जाती है ।उनके चयन से युवाओं में काफ़ी उत्साह है। ओमप्रकाश दमाहे की इस उपलब्धि पर वन विभाग के साथ-साथ खेल जगत से जुड़े खिलाड़ी , खेल पदाधिकारियों, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सदस्यों मुलना स्टेडियम के पदाधिकारियों में

नरेश धुवारे , ब्रजेश मिश्रा उपाध्यक्ष, राहुल बैंस, प्रकाश दुबे , संदीप तिवारी , रमेश कावरे , मनोज ज्योत्षी , प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन,अजय बैस आकाशवाणी, लॉरेंस इक्का,कमल किशोर तेलासे खेल शिक्षक,शैलेन्द्र यादव,लव पटेल , केदारनाथ ठाकरे, योगेंद्र पटले ,धीरज डोंगरे,एवं समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना की है ।

### धानीटोला, किन्ही व घोटी के कार्यक्रमों में ग्रामीणजनों से किया सीधा संवाद

**वारासिवनी।** ग्रामीण क्षेत्रो के मेल मिलाप के उत्सव मेले मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने ग्राम पंचायत बुदबुदा धानीटोला, घोटी व कंटगी क्षेत्र के किन्ही मे शामिल होकर बुजूर्गो की पंरपरा को सुरक्षित रखने के कार्य की सराहना करते हुये बधाई प्रेषित की। इस दौरान उन्होने घोटी धापेवाडा पूल व बुदबुदा नदीटोला पूल के सतत रूप से निर्माणकार्य की जानकारी देकर जल्द कार्य पूर्ण होने की बात भी कही। बुदबुदा ग्राम पंचायत के धानीटोला मे लोक कला मंच के बडे कार्यक्रम मे पूर्व मंत्री गुडडा जायसवाल ने कहा की गाँव के निवासियों के बीच भाईचारे, आपसी सहयोग और सद्भाव की भावना ही सांकृतिक कार्यक्रमो का उद्देश्य रहता है ।



---

**कार्यवाही** — घर से लट्ठा और चिरान बरामद, केस दर्ज

# वन विभाग ने अवैध बीजा लकड़ी जब्त की

**नवभारत, बालाघाट।** मुख्य वन संरक्षक बालाघाट गौरव चैधरी के निर्देशन में उड़नदस्ता दल प्रभारी श्री अजय चौरे के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता दल बालाघाट के कर्मचारी श्री राजेन्द्र कुमार मड़ामे, उप0व0क्षे0, श्री राकेश कुमार सनोडिया वनपाल श्री नरेन्द्र शेंडे, श्री तिलक सिंह राहंगडाले, श्री सौरभ यादव, श्री देवेन्द्र उके वनरक्षक, श्री शम्भूलाल यादव वाहनचालक उड़नदस्ता दल वनवृत्त बालाघाट द्वारा 07 नवंबर को पश्चिम बैहर (सा0) के ग्राम पोंगाारझोड़ी में छापामार कार्यवाही कर मनोज वल्द अमरसिंह के घर से अवैध रूप से रखी गई बीजा लट्ठा एवं चिरान जब्त कर कार्यवाही की गई है।



दिनांक 07 नवंबर 2025 को उड़नदस्ता दल वनवृत्त बालाघाट को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की पश्चिम बैहर (सा0) के अंतर्गत ग्राम पोंगाारझोड़ी निवासी श्री मनोज वल्द अमरसिंह के घर पर अवैध रूप से बीजा लट्ठा एवं चिरान रखें होने की सूचना प्राप्त हुई। इस पर उड़नदस्ता दल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुवे उप0व0म0 बैहर (सा0) से सर्च वारंट प्राप्त कर पश्चिम बैहर (सा0) परिक्षेत्र के स्थानीय अमले को साथ में रखकर संबंधित व्यक्ति के यहाँ सर्च वारंट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। जहाँ तलाशी उपरांत बीजा प्रजाति के कुल 32 नग लट्ठा एवं चिरान पाई गई।

पूछताछ में आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। जिस पर आरोपी मनोज वल्द अमरसिंह, जाति- पनका, साकिन- पोंगाारझोड़ी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत वन अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। उड़नदस्ता दल ने एक नग बीजा लट्ठा और 31 नगर चिरान जब्त की है। इस कार्यवाही में श्री देवेन्द्र मड़ावी प0स0 बघोली, श्रीमति नीलिमा बोरकर का0 वनपाल, श्री नमन गुप्ता, श्री मृगेन्द्र सिंह बघेल वनरक्षक एवं पश्चिम बैहर सामान्य परिक्षेत्र के स्थानीय अमले का विशेष योगदान रहा।

---

# धान खरीदी में भ्रम फैलाने पर कार्यवाही हो : अवधिया

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 185 केंद्र निर्धारित

**नवभारत, लालबर्रा ।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने तथा उन्हें दलालों व बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कलेक्टर द्वारा 185 खरीदी केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। इनमें से 68 केन्द्र गोदाम स्तर पर और 117 केंद्र समिति स्तर पर खोले जाएंगे। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 2369 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 01 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होगी और 20 जनवरी 2026 तक चलेगी।



इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा मंडल अध्यक्ष लालबर्रा प्रसन्न अवधिया द्वारा किसानों से अपील की गई है कि समिति स्तर पर लालबर्रा तहसील में घोटी, सिहोरा, पाथरसाही, नेवरगांव-ला, बहेगांव, डोकरबंदी, खमरिया, टेंगनीकला, बल्लारपुर, पलाकामथी, गारापुरी, साल्हे, कंजई, जाम, छिंदलई में धान खरीदी केंद्र बनाया गया है ।

#### धान खरीदी मे भ्रम फैलाने पर कार्यवाही हो

धान खरीदी के नाम पर भ्रम फैलाने वालों पर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रसन्न अवधिया ने बताया कि धान खरीदी नियत समय अनुसार ही की जावेगी धान खरीदी के नाम पर भ्रम फैलाने वालों पर कार्रवाई कि मांग करते हुए उन्होंने बताया कि प्रति 40 किलो धान पर 700 से 800 ग्राम तक ही धान देना है और किसी भी किसान को वहां पर हमाली नहीं करना है और बोरी अलटी- पलटी के नाम कोई भी किसान वहां पर किसी भी हमाल को रुपए ना दे यह सारी व्यवस्था खरीदी प्रभारी को करना है।

---

## राष्ट्रीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में लांजी की क्रिस्टी का चयन

**नवभारत, लांजी।** लांजी क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हर वर्ग या हर क्षेत्र में लांजी के छात्र- छात्राओं के द्वारा अपना लोहा मनवाया गया है। बीते कुछ समय की बात की जाये तो लांजी क्षेत्र से यूपीएससी, एमपी पीएससी, एमबीबीएस, नेट, आई आई टी, न्यायाधीश सहित अनेको क्षेत्रो में आपको लांजी के होनहार छात्र- छात्राआएं नजर आयेंगे। इसी कडी में लांजी के छात्र- छात्राओं ने खेल में भी अपना परचम लहराया है तथा स्टेट से लेकर अन्तराष्ट्रीय स्तर तक भी आपको लांजी के छात्र छात्राऐं नजर आयेंगे।

इसी कडी में लांजी की एक बेटी ने व्हॉलीबॉल खेल में अपना लोहा मनवाते हुये राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर लांजी सहित जिले का नाम रोशन किया है। बतादे कि लांजी के शासकीय उत्कृष्ट में कक्षा बारहवीं की साईस ग्रुप की छात्रा कु क्रिष्टी



कोठारे पिता युवराज कोठारे निवासी लांजी जिसका चयन राष्ट्रीय स्तर पर व्हॉलीबाल प्रतियोगिता आयु वर्ग 19 में हुआ है। जो कि 13 से 17 नवंबर के मध्य नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा तहसील में आयोजित होगा। जहां सभी राष्ट्रीय स्तर की टीमें प्रतिभागिता करेगी। क्रिष्टी कोठारे जो कि एक होनहार छात्रा तथा उत्कृष्ट व्हालीबॉल खिलाडी है जो कि शहीद भगत सिंह स्पोटर्स एकेडमी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। तथा इसी स्पोटर्स क्लब के मार्गदर्शन में सर्वप्रथम आपने जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता लालबर्रा में चयनित हुई, इसके पश्चात संभाग स्तर पर नरसिंहपुर में प्रथम स्थान प्राप्त तथा राज्य स्तर पर गाडरवाडा में आयोजित प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई है।

आगामी 13 से 17 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर गाडरवाडा में आयोजित प्रतियोगिता में क्रिष्टी कोठारे प्रतिभागिता करेगी। आपके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में विद्यालय के प्राचार्य दुर्गेश फुल्लारे, शाला परिवार, परिजनों, शहीद भगत सिंह स्पोटर्स एकेडमी के प्रशिक्षक प्रज्ञात वासनिक सहित समस्त एकेडमी के सदस्यों ने क्रिष्टी कोठारे को बधाई प्रेषित करते हुये कहां कि आप इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करे ताकि आपका चयन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हो और आप लांजी क्षेत्र एवं जिले का नाम पूरे भारत देश में रोशन करे।

---

# सूर्य बनकर अंधेरों पर जलते क्यूं नहीं

### जराहमोहगाव में कवि सम्मेलन आयोजित

**नवभारत कटंगी ।** जनपद की ग्राम पंचायत जराहमोहगाव में वर्षों से चले आ चले श्री राधाकृष्ण मंदिर मेला समिति के तत्वावधान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम होते आ रहे हैं ।इस वर्ष भी पांच दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न कार्यक्रम श्रोताओं के मनोरंजन के लिए आयोजित किए गए हैं। जहां सात नवम्बर को कवि सम्मेलन का आयोजन समिति के पदाधिकारी शारदा डहरवाल और सरपंच प्रतिनिधि योगेश डोंगरवार के द्वारा आयोजित किया गया जहां देश-प्रदेश के नामचीन कवियों ने हिस्सा लेकर अपनी कविताओं से कार्यक्रम शानदार कर दिया ।इस



कार्यक्रम में युवा और क्रांतिकारी कवि संजय अश्क के संयोजन और राष्ट्रीय कवि दिनेश देहाती के संचालन में शुरू हुए कवि सम्मेलन में सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना की गई। तत्पश्चात बालाघाट के युवा कवि किशोर सागर की कविता अभी ईमान है जिंदा बड़े हम ठांठ वाले हैं, मोहब्बत भी सीखा देंगे हम बालाघाट वाले हैं ।पर खूब तालियां बजीं। उसके बाद शैलेश इनायत के हास्य-व्यंज्ञ्य पर श्रोताओं ने खूब ठहाके लगाएं। मंडला के कवि राजेश ठाकुर की कविताओं ने खूब तालियां बटोरी। जबलपुर की कवयित्री प्रतिभा पटेल की श्रृंगार की कविताओं ने सबको दिवाना कर दिया। सिवनी के कवि मुकेश मनमौजी के हास्य पर श्रोताओं की खूब हंसी निकली। नागपुर के कवि रामवृक्ष गुप्ता के हास्य और कविताओं पर श्रोताओं ने अपार प्रेम दिया। गोंदिया की कवयित्री प्रियंका सजल की दिलकश कविताएं सबको बहुत पसंद आई ।जिले के युवा क्रांतिकारी कवि संजय अश्क के मुक्तक ईमान धर्म पर लोग चलते क्यूं नहीं, सूर्य बनकर अंधेरों पर जलते क्यूं नहीं। हेलमेट पर बोलते एसपी कलेक्टर, रेतघाट दारू ठेके पर बोलते क्यूं नहीं ।पर खूब वाहवाही और जमकर तालियां श्रोताओं के द्वारा प्रेम स्वरूप मिली ।तन्हा नागपुरी नागपुर की कविता दाल में रहा हूं न आटे में रहा हूं खूब सराही गई। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन करते दिनेश देहाती ने श्रोताओं को नोंक-झोंक और कविताओं से खूब हंसाया और सामाजिक संदेश दिया ।देर रात तक चले इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी,पुर्व सैनिक व जिप सदस्य शंकरलाल तांडेकर अवलेश पारधी, शारदा डहरवाल, योगेश डोंगरवार, भुमिदाता व समिति के सभी कार्यकारी सदस्य ग्रामवासी और आसपास के लोग मौजूद रहे ।देर रात 3 बजे तक चले कवि सम्मेलन का श्रोताओं ने जमकर लुत्फ उठाया ।अंत में सभी कवियों का आभार शारदा डहरवाल ने व्यक्त किया।

---

## भाजपा कार्यालय वारासिवनी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यशाला

**नवभारत, वारासिवनी।** आज स्थानीय भाजपा कार्यालय मे दोपहर समय मे बुदबुदा एवं नगर मंडल की संयुक्त कार्यशाला एसआईआर विषय को लेकर संपन्न हुयी। जिसमे फर्जी मतदाताओ के नाम काटने एवं वर्तमान मतदाताओ का पुनरीक्षण किया जाकर वास्तविक मतदाता सूची संधारित करने के विषय मे जागरूकता एवं प्रशिक्षण दिया गया।

जिसमे वारासिवनी खैरलांजी के प्रभारी प्रदीप जायसवाल, विधानसभा के मंडल प्रभारी जीतेन्द्र मोहारे, नगर मंडल के प्रभारी अभय कोचर, बुदबुदा मंडल के प्रभारी सुनील जैन, जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, जिला मंत्री श्रीमती रेखा गोखले, शैलेन्द्र आहूजा, नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, बुदबुदा मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल,बीएलए 1 प्रबल जायसवाल, नपा पूर्व अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज



दांदरे के साथ दोनो मंडल के संयुक्त 117 बीएलए 2, बूथ अध्यक्ष, पदाधिकारी अधिक संख्या मे उपस्थित रहे।

वारासिवनी खैरलांजी के प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने कार्यशाला मे कहा की 2027 से लेकर 2029 तक होने वाले विभिन्न चुनावो के लिये साफ सुधरी मतदाता सूची का निर्माण प्रत्येक कार्यकर्ता की जवाबदारी भी है। इसमे सबको सहयोग करके पात्र मतदाताओ के नाम आवश्यक रूप से शामिल हो सके। इसके लिये विभिन्न चरणो मे जिस प्रकार गाईड लाईन निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गयी है। वह हमारे लिये शिरोधार्य कर शत प्रतिशत सूची तैयार हो, इसके लिये संगठन को महती जिम्मेदारी प्रदान की जा रही है। यही हमारी मेहनत का परिणाम भी होंगा। और भविष्य मे जो प्रत्याशी बनना चाहते है उनके लिये मतदाताओ से संपर्क का सबसे बढिया अवसर भी साबित होगा।

अन्य वक्ताओ मे सर्वश्री अभय कोचर, जीतेन्द्र मोहारे, सुनील जैन, प्रबल जायसवाल, किशोर अमूले आदि ने निर्वाचन आयोग द्वारा दी गयी गाईड लाइन पर गहन प्रशिक्षण देकर बीएलए 2 के लिये कार्य करने के लिये आसान बनाने सुझाव देकर 4 नवंबर से प्रारंभ इस कार्य को 4 दिसंबर तक शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने का गूरू मंत्र भी दिया गया।

कार्यशाला मे कार्यकर्ताओ के द्वारा एसआईआर से संबधित उठे विभिन्न सवालो का समाधान नगर महामंत्री सुनील पिपरेवार ने करते हुये आगे आने वाली किसी भी कठिनाई के लिये स्थानीय भाजपा कार्यालय मे एक काल सेंटर की स्थापना करते हुये काल सेंटर का मोबाईल नंबर समस्त कार्यकर्ताओ को प्रदान किया। जिसके प्रभारी बीएलए 1 प्रबल जायसवाल, अतुल खापर्डे रहेगे। कार्यक्रम मे दोनो मंडल के सैकडो कार्यकर्ताओ व मात्र शक्ति की उपस्थिती उल्लेखनीय रही। मंच संचालन व आभार प्रदर्शन का दायित्व महामंत्री सुनील पिपरेवार के द्वारा कुशलता के साथ उठाया गया।

---

## खाद्य विभाग की वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी, लांजी में कार्यवाही

### किराना दुकानों के साथ ही चौपाटियों का निरीक्षण कर खाद्य नमूने लिए गए

**नवभारत, बलाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में खाद्य विभाग की कार्यवाही निरंतर जारी है। 8 नवंबर को खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की टीम द्वारा मिलावट पर कार्रवाई करते हुए वारासिवनी स्थित बबलू किराना से बाजरा एवं बरबटी दाना, कन्हैया किराना से सूजी एवं किशमिश के नमूने जांच के लिए लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए।

इसी तरह कटंगी स्थित संचेती एजेंसी की जांच करते हुए वहां से सुपारी, सौंफ, सोयाबीन तेल एवं खोपरा किस के नमूने, तिरोड़ी स्थित राज किराना से मूंग दाल, खजूर एवं किशमिश के नमूने, तिरोड़ी के ही केदारमल अग्रवाल किराना से नमक एवं किशमिश तथा ज्वाला प्रसाद अग्रवाल से साबूदाना एवं खारक



का नमूना जांच हेतु लिया गया। खाद्य अमले द्वारा कटंगी स्थित चौपाटी का निरीक्षण एवं जांच की गई जहां 18 दुकानों की जांच करते हुए उनके लाइसेंस की प्रति जमा की गई एवं अन्य दस्तावेज के लिए निर्देशित किया गया। लांजी के बिसोनी स्थित खान किराना से ड्राई फ्रूट, काजू, मूंग दाल, खारक के नमूने जांच हेतु लिए गए एवं केचप पोहा चाय पत्ती आदि आउटडेटेड पाए जाने पर 3130 रुपए मूल्य की खाद्य सामग्री का विनष्टीकरण कराया गया। कारंजा स्थित किसान राइस मिल का लाइसेंस हेतु पूर्व निरीक्षण किया गया एवं राज किराना से किशमिश एवं नमक के नमूने तथा दहीकर किराना से भगर एवं नमक के नमूने लिए गए। आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल द्वारा निर्देशित स्पेशल ड्राइव के अंतर्गत डेट्स एवं रेसीन के 15 नमूने जांच हेतु लेकर विभाग द्वारा भेजे गए हैं। समस्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्ति के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

---

# शिक्षक समाज का आईना होता : विवेक पटेल

### खैरलांजी में कांग्रेस शिक्षक संघ ने विधायक का किया सम्मान

**नवभारत, वारासिवनी।** खैरलांजी कांग्रेस शिक्षक संघ ने दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर वारासिवनी- खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल का सम्मान किया गया कार्यक्रम में खैरलांजी पहुंचते ही विधायक विवेक पटेल का शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ मंच तक लेकर गए जिसके पश्चात मां सरस्वती के छायाचित्र पर सभी अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना की गई वहीं शिक्षक संघ ने विधायक विवेक विक्की पटेल का शाल श्रीफल से सम्मान किया इस दौरान खैरलांजी जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे,जिला पंचायत सदस्य सुनीता बहेटवार,शिक्षक संघ के संभाग उपाध्यक्ष जयनारायण बिसेन,ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र दरवडे, तहसील अध्यक्ष



चन्दकिशोर मेश्राम,अजय मर्सकोले,रमेश विजयवार,दिलीप नगपुरे,अनिल गौतम,भरत लिल्हारे,प्रमोद गौतम,चेतेश्वर बिसेन,संजय मेश्राम,शैलेश मेश्राम,बसंत चौधरी,विकास टेंभरे,श्रीमती देवीरूपा देशमुख, विभूति सहारे,माया आमडारे,सीमा भगत,रामेश्वरी उईके,कांता दमाहे,गीता उइके,ममता मेश्राम सहित शिक्षक शिक्षिकाए मौजूद रहे

**शिक्षकों के आशीर्वाद से मै बना विधायक- विवेक पटेल**

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं शिक्षकों के साथ बैठा हु विधायक बनने में शिक्षक का सबसे ज्यादा योगदान रहा है शिक्षको का स्थान समाज में श्रेष्ठ होता है शिक्षक समाज का आईना होते है शिक्षक हमें ज्ञान और अनुशासन सीखाता है मेरे दादा जी भी शिक्षक थे मेरे पिताजी कृषि विभाग में अधिकारी थे आज उन्हीं के आशीर्वाद से मै राजनीति में आया हु मेरे जीवन का भविष्य संवारने में शिक्षक का आशीर्वाद है शिक्षकों को कोई भी समस्या होती है मै उन्हें दूर करने का प्रयास करता हु शिक्षक वो पद है जो शिक्षा के दौरान भी और रिटायर्ट होने के बाद भी सम्मान पाता है शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को मेरे द्वारा विधानसभा में भी उठाया गया है मै जब नगर पालिका अध्यक्ष था उस समय भी मेरे द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का प्रयास किया था और आगे कोई भी समस्या शिक्षकों को आयेगी मै हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा चुनाव के पूर्व हमने कहा था हमारी सरकार बनते ही वोल्ड पेंशन लागू करेंगे मगर दुर्भाग्य रहा कि कांग्रेस की सरकार नहीं बनी अगली बार जरूर प्रदेश और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी और सबसे पहले वोल्ड पेंशन लागू करेंगे मेरे द्वारा क्षेत्र के कुछ स्कूल के उन्नयन को लेकर विधानसभा प्रश्न लगाया है और माननीय मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा है

---

**धान खरीदी** — गोदाम स्तर पर 68 और समिति स्तर पर 117 केंद्र बनाए गए

# 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर होगी धान की खरीदी

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 185 केंद्र निर्धारित

**नवभारत, बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने तथा उन्हें दलालों व बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा 185 खरीदी केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। इनमें से 68 केन्द्र गोदाम स्तर पर और 117 केंद्र समिति स्तर पर खोले जाएंगे। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 2369 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 01 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होगी और 20 जनवरी 2026 तक चलेगी।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि कटंगी तहसील के अंतर्गत बनेगा, कटेरा का केंद्र चिकमारा कैंप, जराहमोहगांव व जाम का केंद्र नंदलेसरा गोदाम, कटंगी का केंद्र कृषि उपज मंडी कटंगी, कटंगी-2, मानेगांव, मानेगांव -2, खैरलांजी, का केंद्र चिकमारा कैंप, अतरी-सावंगी व आगरवाड़ा का केंद्र नंदलेसरा गोदाम, कटंगी-बिसापुर का केंद्र मार्केटिंग गोदाम कटंगी, किरनापुर तहसील में रजेगांव का केंद्र श्री हरि एग्रो गोदाम रजेगांव, खारा का केंद्र सांई कृपा वेयर हाउस नेवरगांव, बिनोरा, बड़गांव, मोरवाही, किरनापुर, वारा, किन्हीं, बोरगांव का केंद्र वाला कैप, खैरलांजी तहसील में खैरलांजी का केंद्र किन्हीं मंडी, बेनी, भेंडारा, भेंडारा -2 का केंद्र भेंडारा कैप, आरंभा, आरंभा-2, अतरी, नवेगांव -3 का केंद्र मोहाड़ी कैप, परसवाड़ा



तहसील में परसवाड़ा-1, परसवाड़ा -2, भोरवाही, बघोली, परसवाड़ा -3 का केंद्र डोंगरिया कैप, बालाघाट तहसील में लिंगा का केंद्र पूजा वेयर हाउस, कुम्हारी का केंद्र कुम्हारी गोदाम, गोंगलई का केंद्र कृषि मंडी, खुरसोड़ी-1 का केंद्र कृषि साख सहकारी समिति खुरसोड़ी गोदाम, मानेगांव का केंद्र सपना वेयर हाउस मानेगांव, खुरसोड़ी-2 का केंद्र सांई बाबा वेयर हाउस खुरसोड़ी, लांजी तहसील में कुम्हारीकला, दहेगांव, पालडोंगरी, कुम्हारीखुर्द, साडरा के केंद्र पालडोंगरी कैप, बैहर तहसील में बैहर का केंद्र प्रयास वेयर हाउस बैहर, लालबर्रा तहसील में चिल्लौद, निलजी, मोहगांव-धपेरा, लेंडेझरी का केंद्र बिरसोला कैप, बड़गांव का केंद्र रुखमणि वेयर हाउस बड़गांव, ददिया का केंद्र रामजी वेयर हाउस लालबर्रा, कनकी का केंद्र कृषि मंडी कनकी, लालबर्रा, मिरेगांव का केंद्र कृषि मंडी बकोड़ा, मानपुर का केंद्र मार्केटिंग गोदाम लालबर्रा, नेवरगांव-1, नेवरगांव-2 का केंद्र हर्षित गोदाम वारासिवनी तथा वारासिवनी तहसील में मेंढकी का केंद्र भेंडारा कैप, खापा का केंद्र खापा कैप, वारासिवनी-1 का केंद्र जाहान्वी वेयर हाउस तुमाड़ी, वारासिवनी-2 का केंद्र धार्मिक वेयर हाउस तुमाड़ी, कोचेवाही, का केंद्र बालाघाट फार्मर प्रो. कोचेवाही, लड़सड़ा, डोंगरमाली का केंद्र भेंडारा कैप एवं जागपुर, कायदी-1,कायदी-2 का केंद्र सिद्धार्थ वेयर हाउस डोंगरिया में बनाया गया है।